भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1201
उत्तर देने की तारीख: 10.02.2020

†1201.डॉ. सुकान्त मजूमदारः
श्री राजा अमरेश्वर नाईकः
डॉ. जयंत कुमार रायः
श्री विनोद कुमार सोनकरः
श्री भोला सिंहः
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में अनुसंधान की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए 2019 के बजट में घोषित राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान (एनआरएफ) का प्रचालन आरंभ कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एनआरएफ के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को हाल ही में मूल्यवान सुझाव प्राप्त करने हेतु विभिन्न मंत्रालयों के बीच प्रसारित किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन और समावेशन कार्यक्रम (ईक्यूयूआईपी) के तहत विशेषज्ञों ने एनआरएफ की स्थापना के लिए अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) एनआरएफ की स्थापना के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (छ) : बजट घोषणा 2019 के अनुसार, सरकार राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान (एनआरएफ) को स्थापित करने की प्रक्रिया में है। इस मामले को भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार देख रहे हैं जिन्होंने सूचित किया है कि आनुषंगिक व्यय का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु ईएफसी दस्तावेजों और स्थापना तथा उसकी लागत का औचित्य बताते हुए डीपीआर को विभिन्न हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए ईएफसी/एसएफसी/पीआईबी सीईई प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

*****